महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

MAHATMA GANDHI ANTARRASHTRIYA HINDI VISHWAVIDYALAYA

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

क़ादर नवाज़ ख़ान
परीक्षा नियंत्रक
Kadar Nawaz Khan
Controller of Examination

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूरभाष (Phone): +91-7152-242812

क्रमांक : 04/परी/Exam Form/2670
दिनांक : 21 दिसंबर, 2023

परीक्षा सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियमित कार्यक्रमों (स्नातक/परास्नातक) की प्रथम, तृतीय एवं पंचम अधिसत्र (सेमेस्टर) की फरवरी (2024) माह में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 01 से 10 जनवरी, 2024 तक समर्थ पोर्टल पर अपना ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करें।

समर्थ पोर्टल का लिंक☞ https://mgahv.samarth.edu.in/index.php/site/login

साथ ही, विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने परीक्षा आवेदन प्रपत्र को पूरी तरह से भरकर इसे संबंधित विभाग/केंद्र में भी जमा कराएं।

प्रथम, तृतीय एवं पंचम अधिसत्र की बैक (पूरक) पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी परीक्षा शुल्क राशि रुपये 200/- प्रति प्रश्नपत्र के साथ तथा द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ अधिसत्र की बैक (पूरक) पेपर परीक्षा के कारण जिन विद्यार्थियों का फाइनल परीक्षा परिणाम लंबित है, वे विद्यार्थी परीक्षा शुल्क राशि रुपये 500/- प्रति प्रश्नपत्र के साथ दिनांक 12 जनवरी, 2024 तक ऑफलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऑफलाइन पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्र परीक्षा विभाग से प्राप्त कर निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ इसे पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विभाग/केंद्र में जमा कराएं।

सभी संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी से अनुरोध है कि आप विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन प्रपत्र को परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक परीक्षा विभाग को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

क़ादर नवाज़
(परीक्षा नियंत्रक)
21/12/23

प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा):-

1. संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी
2. अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज
3. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता
4. प्रभारी, रिद्धपुर केंद्र
5. कुलसचिव कार्यालय (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
6. संबंधित पत्रावली